दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 26.09.2023

प्रकाशनार्थ

इतिहास के तथ्य वही रहते हैं मगर दृष्टिकोणों में विभिन्नता के कारण इतिहास की व्याख्या परिवर्तित होती रहती है- प्रो. राजवन्त राव

दिनांक 26.09.2023 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग में अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रो. राजवन्त राव, पूर्व विभागाध्यक्ष, प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग, दी.द.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर ने इतिहास क्या है, इतिहास लेखन की विधा एवं उपयोगिता जैसे विषयों पर व्याख्यान दिया। उनके अनुसार इतिहास का शास्त्रीय एवं व्याकरणीय अर्थ 'ऐसा होता रहा हैं।' इतिहास लेखन विधा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तथ्य एक होता है लेकिन दृष्टिकोणों में विभिन्नता के कारण इतिहासकारों के लेखन में भी भिन्नता दिखायी पड़ती है। उन्होंने इतिहास के उपयोगिता बताते हुए कहा कि विगत् मनुष्यों के कृतित्व एवं सृजनशीलता के धरातल पर हमारा वर्तमान निर्मित हुआ है और उनकी स्मृति ही इतिहास है क्योंकि जिस समाज की स्मृति खत्म हो जाती है उस समाज का विकास अवरूद्ध हो जाता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि इतिहास लेखन एवं अध्ययन का उद्देश्य सदैव अपने नागरिकों में आत्म गौरव जागाना है। इतिहास एवं राजनीति शास्त्र के अन्तर्सम्बन्ध पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजनीति के बिना इतिहास फलहीन है और इतिहास के बिना राजनीति जड़हीन है। इतिहास के पुर्नलेखन के सम्बन्ध में कहा कि वर्तमान में इतिहास के पन्नों में समाज के उन लोगों को स्थान देने की जरूरत है जो सदैव वंचित एवं शोषित रहे।

विभाग के प्रभारी प्रो. धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि इतिहास अतीत के ज्ञान का पुंज है जिसमें वर्तमान एवं भविष्य प्रकाशित होता है।

कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य, श्री सुरेन्द्र चौहान तथा आभार ज्ञापन विभाग के प्रभारी प्रो. धीरेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में सहायक आचार्य श्री धीरज सिंह, श्री शिव कुमार तथा शोधार्थी प्रियंका गुप्ता, कोमल वर्मा सहित अन्य छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहे।

उक्त जानकारी मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने दी।

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क